
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मसूरी और धनोल्टी में फिर हुई बर्फबारी

**मौसम**

## पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी, जमकर की मस्ती

**संवाददाता**

देहरादून। पहाड़ों की रानी मसूरी और धनोल्टी में रविवार के बाद सोमवार को फिर से बर्फबारी हुई है। सोमवार तड़के मसूरी के लालटिब्बा में बर्फबारी हुई है। शहर में भी हल्की बर्फ पड़ी, लेकिन वह रुकी नहीं। बर्फबारी की सूचना के बाद पर्यटकों ने जमकर मस्ती की। लालटिब्बा और बुरांशखंडा में पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी रहा। पर्यटक बर्फ के साथ मस्ती करते नजर आए। साथ ही कई लोग बर्फ से ढकी पहाड़ियों की खूबसूरती कैमरे में कैद करते नजर आए।

स्थानीय निवासी सुरेश कोहली ने बताया कि बुरांशखंडा में अधिकांश पर्यटक उत्तराखंड के ही थे। पर्यटकों के पहुंचने से स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए। वहीं कई पर्यटकों ने धनोल्टी का भी रुख किया। यहां जाम की स्थिति बनी रही। वहीं पर्यटक स्थल धनोल्टी और बुरांशखंडा में रविवार को बर्फ गिरने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पर्यटकों ने धनोल्टी और बुरांशखंडा की ओर रुख किया।



रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटकों के मसूरी पहुंचने पर पुलिस ने बाटाघाट के पास पर्यटकों को रोक दिया और कई लोगों को लौटा दिया था। इस बात को लेकर पर्यटकों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। हालांकि पुलिस का कहना है कि जाम से निपटने के लिए पर्यटकों को सिर्फ थोड़ी देर के लिए रोका गया था। धनोल्टी और बुरांशखंडा में बर्फ देखने के लिए बड़ी संख्या में दिल्ली, हरियाणा सहित एनसीआर क्षेत्र से पर्यटक मसूरी पहुंच रहे हैं। इससे शहर में जाम की स्थित बन रही है। पुलिस ने यातायात व्यवस्था संभालने के लिए बाटाघाट पर बैरिकेडिंग लगाई है। मसूरी के मलिंगगार चौक, जेपी बैंड, वुडस्टॉक स्कूल के निकट जाम की स्थिति बन रही है। बाटाघाट में कई बार पुलिस जवानों से पर्यटकों की नोंकझोंक भी हो रही है।

वहीं रविवार को दिल्ली से बर्फ देखने के लिए धनोल्टी जा रहे अमोल गर्ग ने बताया कि बाटाघाट के आगे पुलिस ने नहीं जाने दिया। जिस पर शहर कोतवाल गिरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि बड़ी संख्या में पर्यटकों को सिर्फ व्यवस्था के तहत रोका गया। धीरे–धीरे कम संख्या में वाहनों को आगे भेजा गया। वहीं धनोल्टी में दो दिन से हो रही बर्फबारी से बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। चंबा–मसूरी मोटर मार्ग से बर्फ हटाने के लिए दो जगह जेसीबी मशीन काम कर रही है। छोटे वाहनों का आवागमन जारी है। पर्यटक भी पहुंच रहे हैं लेकिन बिजली और पानी की आपूर्ति न होने से वापस जाने को मजबूर है।

## न्यूज डायरी

### भारत को विश्वगुरु बनाने में अपना सहयोग देते रहेंगे: वर्क ट्रस्ट

**संवाददाता** देहरादून। वर्ड ऑर्गेनाइजेशन एंड रिलिजन ऑफ नॉलिज के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला कारागार देहरादून में जरूरत मंद कैदियों को सर्दी में पहनने के लियें गर्म अपर इनर व टोपे जेलर पवन कोठारी जी को सोंपे। इस अवसर पर वर्क के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज हित व देश हित मे वह आगे भी करते रहेंगे और अपने देश भारत को विश्वगुरु बनाने की राह को आसान करने में अपना सहयोग देते रहेंगे। वर्क ट्रस्ट द्वारा दिये गये सामान को प्राप्त कर उप महानिरीक्षक कारागार व जेल वरिष्ठ अधीक्षक मौर्या और जेलर पवन कोठारी ने प्रसन्ता जाहिर करते हुए एक धन्यवाद पत्र ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं को सौंपा।

### चीनी नागरिकों को उनके देश वापसी पर दोबारा स्थिति स्पष्ट करे सरकार

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने चार चीनी नागरिकों की वतन वापस को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सरकार से मामले में गुरुवार 13 जनवरी तक फिर से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तिथि नियत की है। चार चीनी नागरिक वांग गुवांग, शू जेन, निहेपैंग और लियोजीनकांग भारत घूमने के लिए 2018 में आये थे। जिन्हें मुम्बई पुलिस द्वारा सोने के तस्करी करने के आरोप में उन्हें बंदी बना लिया था । बाद में इन लोगो को महाराष्ट्र हाइकोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया था। 2019 में उत्तराखंड पुलिस ने इन्हें बनबसा में गिरफ्तार कर लिया। इन पर आरोप लगाया कि ये बनबसा के रास्ते नेपाल जा रहे थे।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक

**संवाददाता** देहरादून। एक्सिस म्यूचुअल फंड, जो भारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक है, ने अपने नए फंड ऑफर –एक्सिस सीपीएसई प्लस एसडीएल 2025 70:30 डेट इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जिसकी बेंचमार्क मैच्योरिटी की तारीख 30 अप्रैल, 2025 है। नया फंड क्रिसिल आईबीएक्स 70:30 सीपीएसई प्लस एसडीएल–अप्रैल 2025 बेंचमार्क को ट्रैक करेगा और पोर्टफोलियो को विशेष रूप से एएए रेटेड केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और एसओवी–रेटेड एसडीएल प्रतिभूतियों में मुख्य रूप से निवेश करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह योजना ऐसे रिटर्न प्रदान करने का प्रयास करती है जो अंतर्निहित सूचकांक द्वारा दर्शाए गए प्रतिभूतियों के कुल रिटर्न के साथ निकटता से मेल खाते हों।

## 24 घंटे बारिश व चोटियों पर हिमपात से ठिठुरा पहाड़

**संवाददाता** बागेश्वर। पर्वतीय क्षेत्रों में बीते 24 घंटों से लगातार बारिश से जनजीवन अब बुरी तरह अस्तव्यस्त हो गया है। 10 से 16 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही बर्फानी हवा ने ठिठुरन और बढ़ा दी। घाटियों से उठे कोहरे ने पर्यटक नगरी को भी अपनी आगोश में ले लिया। उत्तरी ढाल वाले इलाकों में पारा शून्य डिग्री तक पहुंच गया। भालू डैम का पानी जमने लगा है।

वहीं, बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील क्षेत्र के कई गांव बर्फ से लकदक हो गए हैं। समूचे जिले में झमाझम बारिश हो रही है। जन जीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। नगर और कस्बाई क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है। हिमपात वाले क्षेत्रों में रात को माइंस शून्य डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क रहा है। रानीखेत के इलाकों में बीते रविवार से लगातार हो रही वर्षा ने अब मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मध्यरात्रि कुछ देर के लिए मेघों का रुख नरम पड़ा तो पाले ने पारा शून्य डिग्री तक पहुंचा दिया। सोमवार की सुबह हाड़ कंपाती सर्दी के बीच बारिश का जो सिलसिला शुरू हुआ वह देर शाम तक नहीं थमा। इससे खासतौर पर यात्रियों को काफी फजीहत झेलनी पड़ी। रानीखेत, द्वाराहाट, सल्ट, मानिला, मौलेखाल, रतखाल, बग्वालीपोखर, गगास आदि कस्बों के बाजार क्षेत्र में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। पाला प्रभावित तमाम क्षेत्रों में पानी जमने भी लगा है।



## फोर्स से विधायक ने कहा रेल मंत्री पीयूष गोयल से हो चुकी बात

**संवाददाता** टनकपुर चम्पावत। उत्तरखंड के चम्पावत में टनकपुर मैदान से पहाड़ को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का अहम हिस्सा है। जब से यह छोटी से बड़ी लाइन से जुड़ा है। तभी से प्रशासन रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कई बार कोशिश कर चुका है। सोमवार को भी अतिक्रमण हटाने पहुंची रेलवे की फोर्स को बैरंग लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों के अलावा विधायक कैलाश गहतोड़ी ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि जब तक यहां के लोगों को अन्यत्र नहीं बसा दिया जाता तब तक अतिक्रमण हटाने का विरोध करेंगे। इस संबंध में उन्होंने रेल मंत्री पीयूष गोयल से हुई वार्ता का हवाला भी दिया। टनकपुर रेलवे स्टेशन के आस–पास लंबे समय से अतिक्रमण किया गया है। सोमवार को रेलवे की फोर्स अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची तो क्षेत्रीय विधायक कैलाश गहतोड़ी व उनके समर्थक मौके पर पहुंच गए।

## मूसलधार बारिश के बीच बस बच ही गई डोटियाल क्षेत्र में 18 जिंदगियां

**संवाददाता** उत्तराखंड में भारी बारिश में खाई में गिरी बस, बाल–बाल बचीं 18 जिंदगियां मानिला (अल्मोड़ा)। मूसलधार बारिश के बीच डोटियाल क्षेत्र में 18 जिंदगियां बस बच ही गईं। यात्रियों से भरी बस का अचानक पट्टा टूट जाने से चालक संतुलन खो बैठा। बेकाबू वाहन पैराफिट तोड़ सड़क से उतर खाई की ओर जा पलटा। यात्रियों में चीखपुकार मच गई।



पहाडियों से दो तीन बार टकराने के बाद बस चीड़ के विशालकाय पेड़ से टकरा और गहरे में गिरने से बच गया। नतीजतन, बस में सवार सभी लोगों की जान बच गई और ग्रामीणों की मदद से उन्हें गंतव्य को रवाना कर दिया गया। आदर्श बस सेवा रोज की तरह सोमवार की सुबह रामनगर से सराइखेत के लिए रवाना हुई। इसमें 18 यात्री बैठे थे। रामनगर रानीखेत राष्ट्ड्वीय राजमार्ग पर मरचूला के पास डोटियाल मौलेखाल सराइखेत आंतरिक रोड पर वाहन दोपहर करीब दो बजे डोटियाल चौराहा पर पहुंची। चालक परिचालक के साथ ही सभी सवारियों ने आधा घंटा दिन का भोजन किया। इसके बाद करीब सौ मीटर दूर डोटियाल क्षेत्र में चलती बस का अचानक कमानी पट्टा टूट गया। इससे चालक वाहन पर संतुलन खो बैठा। लाख कोशिशों के बावजूद वह नियंत्रण न कर सका। नतीजतन यात्रियों से भरी बस सड़क किनारे पैराफिट को ध्वस्त कर सीधे खाई की ओर जा गिरी। लगभग 40 मीटर गहरे में वाहन चीड़ के पेड़ से टकरा कर खाई तक पहुंचने से पहले ही अटक गया। इस बीच यात्रियों में मदद के लिए चीखपुकार मचती रही।

हादसे का पता लगते ही डोटियाल चौराहा कस्बे के लोग दुकानें छोड़ मौके की ओर दौड़ पड़े। बारिश के बीच जान जोखिम में डाल सभी खाई में उतरे। दुर्घनाग्रस्त वाहन में फंसे एक एक यात्री को सकुशल बाहर निकाल सड़क पहुंचाया गया।

## दुनिया के 75 देशों के हिंदी भाषियों को एक मंच पर लाया कू ऐप

**संवाददाता** देहरादून। सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा, हिंदी हैं हम वतन हैं, हिंदोस्ताँ हमारा एक सदी से भी पहले प्रसिद्ध शायर मुहम्मद इकबाल की लिखी गई यह देशप्रेम की गजल आज भी हर हिंदुस्तानी में हिंदी और राष्ट्रीयता की भावना जगाती है। सोशल मीडिया के तेजी से बढ़ते दायरे ने हिंदी को प्रमुखता से पेश किया और अब देश के पहले मेड–इन–इंडिया माइक्रो–ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप ने दुनियाभर के हिंदी बोलने वालों को अभिव्यक्ति का जबरदस्त मंच दे दिया है। आलम यह है कि कुल दो करोड़ डाउनलोड मील का पत्थर हासिल कर चुके इस मंच पर दुनिया के 75 देशों के यूजर्स हिंदी में ज्ञवव करते हैं।

विश्व हिंदी दिवस के मौके पर भारत में हिंदी को बढ़ाने में कू ऐप की भूमिका पर चर्चा करना बेहद जरूरी हो जाता है। हिंदी समेत 10 भाषाओं में लॉन्च किए जा चुके कू ऐप पर हिंदी सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा के रूप में मौजूद है। भारत ही नहीं दुनिया में इस ऐप पर हिंदी कू करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।